13 DEC 2024 M4U:Layout 1 12-Dec-24 10:12 PM Page 1

दैनिक

जनता की आवाज

मीडिया फॉर यू

प्रकाशन के 09 वर्ष

RNI: UPHIN/2015/65169

शुक्रवार 13 दिसम्बर 2024

वर्ष: 09, अंक: 322

पृष्ठ: 04 मूल्य: 02 रुपया

गाजियाबाद से प्रकाशित हापुड़ ❖ मेरठ ❖ शामली ❖ मुजफ्फरनगर ❖ बागपत ❖ सहारनपुर ❖ बिजनौर ❖ दिल्ली एनसीआर में प्रसारित

Email:- m4unews@gmail.com 8445657566

3 वर्ष की अवधि पूरी कर चुके... 4

पीएम मोदी के कार्यक्रम के लिए की जा रही तैयारियों पर जताया संतोष, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

महाकुम्भनगर। महाकुम्भ 2025 के लिए हजारों करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण करने शुक्रवार को प्रयागराज आ रहे पीएम मोदी के कार्यक्रमों की तैयारियों का जायजा लेने के लिए गुरुवार को सीएम योगी प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने महाकुम्भ नगर में चल रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान वह संगम नोज भी पहुंचे जहां पीएम मोदी शुक्रवार को पूजन अर्चन करेंगे। उन्होंने यहां पीएम मोदी के भ्रमण की पूरी रूपरेखा को समझा और बिना बाधा कार्यक्रम संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश प्रदान किए। यही नहीं, सीएम योगी ने मेला क्षेत्र में अस्थायी अस्पताल, अक्षय वट, सरस्वती कूप, लेटे हनुमान मंदिर पहुंचकर वहां भी तैयारियों का जायजा लिया। लेटे हनुमान मंदिर में सीएम ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन व दर्शन भी किया। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को पीएम मोदी प्रयागराज में उपस्थित रहेंगे और संगम नोज पर गंगा आरती व पूजन के साथ ही वह यहां जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

सीएम योगी सबसे पहले सेक्टर वन परेड में बनाए गए 100 बेड के अस्थायी अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे। महाकुम्भ 2025 को देखते हुए चिकित्सा परिवार कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा इस अस्थायी अस्पताल का निर्माण किया गया है। मुख्यमंत्री ने यहां इमरजेंसी वार्ड, इंटेंसिव केयर यूनिट (आईसीयू), ओपीडी के साथ ही वेटिंग एरिया, मुख्य वार्ड, फीमेल वार्ड, चिल्ड्रेन वार्ड और ऑपरेशन थिएटर का गहन निरीक्षण



किया। वहां मौजूद डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल में दी जा रही सुविधाओं के विषय में जानकारी दी। आईसीयू में एआई कैमरों के इस्तेमाल के साथ ही हाईटेक एआई मैसेजिंग फ्लो सिस्टम के बारे में उन्हें पूरे विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही, अस्पताल में स्थापित लैबोरेट्री के विषय में भी बताया गया, जिस पर मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। केंद्रीय अस्थायी अस्पताल के माध्यम से उन्हें हर संभव मदद मिलनी चाहिए। चिकित्सकों के साथ ही स्टाफ और दवाइयों की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने अस्पताल में वेंटिलेशन के बेहतर इंतजाम किए जाने के भी निर्देश दिए। मालूम हो कि महाकुम्भ के लिए बनाए गए इस अस्थायी अस्पताल में कुल 100 बेड हैं, जिसमें 10 बेड का आईसीयू भी सम्मिलित है। इसमें कुल 381 डॉक्टर्स को तैनात किया गया है, जिसमें फिजीशियन, सर्जन, गायनेकोलॉजिस्ट, पीडियाट्रिक्स समेत अन्य शामिल हैं। 10 बेड के आईसीयू को कैंट बोर्ड संचालित करेगा, जिसमें मेदांता के डॉक्टर्स का भी सहयोग रहेगा।

अस्पताल से सीएम सीधा किला घाट पहुंचे जहां उन्होंने नव निर्मित जेटी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को घाट पर श्रद्धालुओं के स्नान व अन्य सुविधाओं को सुनिश्चित करने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। यहां से सीएम संगम नोज पहुंचे, जहां शुक्रवार को पीएम मोदी पूजन अर्चन करेंगे। उन्होंने यहां स्थलीय निरीक्षण किया। मेलाधिकारी विजय किरण आनंद ने उन्हें पीएम मोदी के क्रूज से भ्रमण को लेकर सभी तैयारियों के विषय में विस्तृत से जानकारी दी। सीएम ने सभी व्यवस्थाओं को देखा और सभी पैरामीटर्स का ध्यान रखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। वह काफी देर यहां रुके और गंगा की निर्मल धारा को निखारते रहे।

संक्षिप्त समाचार

श्री कृष्ण जन्म स्थान मामले को लेकर आज सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

मीडिया फॉर यू, जितेंद्र शर्मा

मथुरा: माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जब तक वर्ष बैक 1991 पर कोई आदेश पारित नहीं होता तब तक निचली अदालत में इस से संबंधित कोई भी आदेश पारित नहीं होगा श्री कृष्ण जन्म भूमि मंदिर का केस लड़ रहे हैं दिनेश शर्मा फलाहारी ने बताया कि उन्होंने वरशिप एक्ट 1991 को समाप्त करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी, उन्होंने बताया कि कई बार इस मामले में बहस हो चुकी है न्यायालय में, दिनेश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने यह एक ऐसा काला कानून बना दिया है इस कानून की वजह से प्रत्येक सनातनी हिन्दू अपने मठ मंदिरों की लड़ाई लड़ने में बहुत दिक्कत महसूस कर रहे हैं, श्री कृष्ण जन्म स्थान से संबंधित लगभग 18 मुकदमे हाई कोर्ट इलाहाबाद में चल रहे हैं, मुस्लिम पक्ष वरशिप 1991 की वजह से ही न्यायालय में बार-बार अबरोधक की तरह इस कानून का उपयोग करता है, मुस्लिम पक्ष कहता है कि जब तक वरशिप एक्ट 1991 मौजूद है तब तक तब कृष्ण जन्म भूमि मंदिर से मस्जिद को कोई नहीं हटा सकता, दिनेश शर्मा ने बताया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वरशिप 1991 को कृष्ण जन्म भूमि मंदिर मथुरा में प्रभावी नहीं माना, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आदेश में स्पष्ट कहा था कि यहां पर वरशिप एक्ट 1991,वक्फ बोर्ड एक्ट और लिमिटेशन एक्ट प्रभावी नहीं है. दिनेश शर्मा ने बताया कि कांग्रेस सरकार ने हमेशा हिंदुओं का वोट लिया है और हिंदुओं के खिलाफ ही कानून बनाए हैं, कांग्रेस सरकार की काले कानून के वजह से आज हिंदू अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है,

आयुष्मान भारत योजना को लेकर दिल्ली में राजनीति तेज, बीजेपी ने केजरीवाल और आतिशी को दी चुनौती

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की अरविंद केजरीवाल एवं आतिशी मालेर्ना की सरकार का जनविरोधी चेहरा आज फिर सामने आया जब सरकार ने आयुष्मान भारत योजना पर न्यायालय में जवाब दाखिल नही किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की भाजपा सांसदों ने आयुष्मान भारत योजना को दिल्ली में लागू करवाने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की है जिसकी सुनवाई कर रही पीठ ने पिछली तारिख पर दिल्ली सरकार को आज तक न्यायालय में अपना पक्ष रखने का दूसरा अवसर दिया था पर दिल्ली सरकार ने आज भी जवाब दाखिल नही किया। सचदेवा ने कहा है की आयुष्मान भारत योजना जनहितकारी योजना है, अगर केजरीवाल मालेर्ना सरकार के अनुसार उनकी सरकार के पास बेहतर योजना है तो न्यायालय से भागने की बजाए न्यायलय को बताते। सचदेवा ने कहा है की माननीय न्यायालय की टिपण्णी की चुनाव अधिसूचना हमारे निर्णय में बाधक नही बनेगी केजरीवाल मालेर्ना सरकार के मुंह पर तमाचा है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की मैने अरविंद केजरीवाल को पहले भी आयुष्मान भारत योजना दिल्ली में लागू करने की आवश्यकता पर चुनौती दी है- आज फिर दोहराता केजरीवाल जी दिन, टाइम और जगह आप तय कीजिए आईये दिल्ली में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली और आयुष्मान भारत योजना लागू करने की आवश्यकता पर सार्वजनिक बहस करें।

महिला श्रद्धालुओं की सुविधा के लिहाज से रहेगा इस बार विशेष इंतजाम

महाकुम्भनगर: महाकुम्भ को सनातन धर्म का सबसे बड़ा आयोजन बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से पहले गुरुवार को खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाकुम्भनगर पहुंचे और सभी जरूरी तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद संगम पर श्रद्धालुओं को पूजा पाठ करवाने के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। लोगों को विधिवत पूजा पाठ करने के लिए कहीं भटकना न पड़े, इसके लिए यहां पर ब्राह्मण, पुरोहित और पंडा मौजूद रहेंगे। एसडीएम महाकुम्भनगर, अभिनव पाठक ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप इस बार महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा का विशेष इंतजाम किया जा रहा है। संगम स्नान के दौरान देश-विदेश से आने वाली महिलाओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए, इसके लिहाज से संगम पर 12 स्पेशल यूनिटें बनाई जा रही हैं। इन यूनिटों की लंबाई 25 मीटर और 6 मीटर चौड़ाई होगी। इस यूनिट में चेंजिंग रूम की भी होगी व्यवस्था जिससे स्नान आदि के बाद किसी प्रकार की कोई समस्या न आने पाए। इसके अलावा संगम से पुरानी और जर्जर नावें हटाई जा रही हैं। इनके स्थान पर फ्लोटिंग जेटी का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही उसे आकर्षक बनाने के लिए विशेष प्रकार के फूलों से सजाया जा रहा है।

डर के साये में जी रहा हाथरस पीड़िता का परिवार, क्रिमिनल्स जैसा हो रहा व्यवहार, मुलाकात के बाद बोले राहुल गांध

एजेंसी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी गुरुवार को 2020 सामूहिक बलात्कार पीड़िता के परिवार से मिलने के लिए हाथरस गए। बैठक के बाद, गांधी ने परिवार से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रहने के लिए भाजपा सरकार की आलोचना की और अधिकारियों पर उनके साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया। अपने एक्स पोस्ट में राहुल गांधी ने लिखा कि आज हाथरस जाकर 4 साल पहले हुई शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण घटना के पीड़ित परिवार से मिला। मुलाकात के दौरान उन्होंने जो बातें बताई उसने मुझे झकझोर कर रख दिया।

कांग्रेस नेता ने आगे लिखा कि पूरा परिवार आज भी डर के साए में जी रहा है। उनके साथ क्रिमिनल्स के जैसा व्यवहार किया जा रहा है। वे स्वतंत्र रूप से कहीं आ-जा नहीं सकते हैं - उन्हें हर समय बंदूक और कैमरों की निगरानी में रखा जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने उनसे जो वादे किए थे, वे आज तक पूरे नहीं हुए हैं। न तो सरकारी नौकरी दी गई है और न ही उन्हें किसी दूसरी जगह घर देकर शिफ्ट करने का वादा पूरा किया गया है। इसके साथ ही राहुल ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय देने के बजाय, सरकार उन पर तरह-तरह से अत्याचार कर रही है। दूसरी तरफ आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने लिखा कि इस परिवार की हताशा और निराशा भाजपा द्वारा दलितों के ऊपर किए जा रहे अत्याचार की सच्चाई को दिखाते हैं। लेकिन हम इस परिवार को यूं ही इनके हाल पर रहने को मजबूर नहीं होने देंगे। इन्हें न्याय दिलाने के लिए हम पूरी ताकत के साथ लड़ेंगे। सितंबर 2020 में 19 वर्षीय दलित किशोरी के साथ हुए भयावह सामूहिक बलात्कार ने राष्ट्रीय ध्यान खींचा था और पुलिस द्वारा मामले को संभालने के तरीके पर विरोध और आलोचना हुई थी। 14 सितंबर को महिला का कथित तौर पर अपहरण कर उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था। रिपोर्टों से पता चला है कि उसके साथ इस हद तक क्रूरता की गई थी कि उसकी जीभ काट दी गई थी। 29 सितंबर, 2020 को उसने दम तोड़ दिया।



इस वर्ष डिस्कॉम्स ने 3.45 करोड़ उपभोक्ताओं को 30,618 मेगावॉट की अधिकतम डिमांड जो देश में सर्वाधिक बिजली भीषण ग्रीष्म ऋतु में निर्बाध रूप से उपलब्ध करायी

लखनऊ: योगी सरकार ऊर्जा के क्षेत्र में लगातार नये कीर्तिमान स्थापित कर रही है। योगी सरकार ने हर घर को बिजली पहुंचाने का संकल्प और उद्योगों को निर्बाध आपूर्ति की प्रतिबद्धता के साथ ऊर्जा क्षेत्र में खुद को देश का अग्रणी राज्य साबित किया है। वर्तमान में देश में उत्तर प्रदेश ऐसा राज्य हैं, जहां कई विकसित राज्यों की अपेक्षा कई गुना ज्यादा यूपी में घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति की जा रही है, जो सीएम योगी के हर घर को बिजली के संकल्प को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वर्तमान में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड की विद्युत वितरण कंपनियां (डिस्कॉम्स) द्वारा 3.45 करोड़ उपभोक्ताओं को भीषण ग्रीष्म ऋतु में 30,618 मेगावॉट की अधिकतम डिमांड की बिजली निर्बाध रूप से उपलब्ध करायी गयी। इन उपभोक्ताओं को एचटी से लेकर एलटी वॉल्टेज पर विद्युत आपूर्ति की जा रही है। इसके लिए 4,677 से अधिक विद्युत उपकेंद्रों का निर्माण किया गया है। इन डिस्कॉम्स के कुल संयोजित भार में से 62 प्रतिशत संयोजित भार घरेलू श्रेणी के हैं जबकि अन्य श्रेणियों (औद्योगिक क्षेत्र) में यह आंकड़ा 38 प्रतिशत ही है। वहीं देश के अन्य विकसित राज्यों महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश आदि में घरेलू श्रेणी के संयोजित भार का प्रतिशत मात्र 25-35

प्रतिशत ही है। ऐसे में उत्तर प्रदेश ने घरेलू श्रेणी में 62 प्रतिशत संयोजित भार के साथ देश के अन्य विकसित राज्यों महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश को पीछे छोड़ दिया है। यह योगी सरकार की उपलब्धियों की दूरदर्शी नीतियों और योजनाओं का ही परिणाम है कि हर घर तक रोशनी पहुंचाने का लगातार प्रयास कर रही है। योगी सरकार की मॉनीटरिंग का ही नतीजा है कि वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में औसतन 18 घंटे और तहसील मुख्यालयों में साढ़े इक्कीस घंटे बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। वहीं शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। बिजली आपूर्ति में सुधार के साथ-साथ राज्य सरकार बिजली की लागत और राजस्व वसूली को भी प्रभावी ढंग से प्रबंधित कर रही है। वित्त वर्ष 2023-24 में राजस्व वसूली का प्रतिशत बढ़कर 84.36 प्रतिशत तक पहुंच गया है। योगी सरकार सब्सिडी और लॉस फंडिंग के जरिए 46,000 करोड़ की धनराशि बजट के माध्यम से निर्गत कर बिजली आपूर्ति को बाधित नहीं होने दिया। इतना ही नहीं योगी सरकार निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए कई कदम उठा रही है ताकि घरेलू उपभोक्ता से लेकर औद्योगिक संस्थानों को बिना किसी समस्या के अच्छी व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके। इसके तहत आरडीएसएस योजना में 16,500 करोड़ के कार्य कराए जा रहे हैं। वहीं लगभग 2.85 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा नोएडा, कानपुर एवं वाराणसी आदि जगहों पर नवीन तकनीक की विद्युत प्रणाली की कार्य योजनाएं भी क्रियान्वित करायी जा रही है।

13 DEC 2024 M4U:Layout 1 12-Dec-24 10:12 PM Page 2

सम्पादकीय

नशा मुक्त अभियान

देश में नासूर बनते नशे के खिलाफ अभियान में यदि 114 वर्षीय धावक फौजा सिंह प्रेरक पदयात्रा कर सकते हैं तो ऊर्जावान युवा-बुजुर्ग क्यों नहीं। नशा मुक्त-रंगला पंजाब अभियान के अंतर्गत निकाले गए नशा विरोधी मार्च में मंगलवार को मैराथन धावक फौजा सिंह के साथ ही पंजाब के राज्यपाल अस्सी वर्षीय गुलाब चंद कटारिया की आठ किलोमीटर की पैदल यात्रा सुर्खियों में रही। निश्चित रूप से पंजाब सरकार की पहल अनुकरणीय है। इसमें दो राय नहीं कि कोई भी बड़ा सामाजिक बदलाव का आंदोलन व्यापक जन भागीदारी से ही सिरे चढ़ सकता है। आज पंजाब समेत देश के अन्य राज्यों में युवा पीढ़ी जिस भयावह तरीके से नशे के दलदल में धंसती जा रही है, वह राष्ट्र के लिये एक गंभीर चुनौती है। जिसका मुकाबला सरकारों के साथ आम आदमी के जुड़ाव से ही संभव है। निश्चित रूप से ऐसी पदयात्रा सिर्फ राजनीतिक निहितार्थों और प्रतीकात्मक रूप से आयोजित नहीं होनी चाहिए। ऐसे अभियान को आंदोलन का रूप देकर इस तार्किक परिणति तक पहुंचाया जाना चाहिए। साथ ही इस तरह के अभियानों से हासिल उपलब्धियों का मूल्यांकन भी जरूरी है। निस्संदेह, औपचारिकताओं के निर्वहन और मीडिया में सुर्खियां बटोरना ऐसे आंदोलन का लक्ष्य तो कदापि नहीं हो सकता। राज्यपाल महोदय का यह कथन सोलह आने सच है कि इस मुद्दे पर बच्चों को शिक्षित करने के साथ ही महिलाओं की इस आंदोलन में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। निस्संदेह, नशे के नश्तर से महिलाओं को मर्मांतक पीड़ा सहन करनी पड़ती है। अब चाहे पति हो या बेटा, नशे की लत लगने से पूरा परिवार ही संकट में आ जाता है। इसमें दो राय नहीं कि जब पंजाब की नारी शक्ति एकजुट होकर इस मुहिम का नेतृत्व करेगी तो पंजाब अपने स्वर्णिम दिनों की ओर लौट सकता है। निश्चित रूप से किसी राज्य या देश की जवानी का नशे के सैलाब में डूबना राष्ट्रीय क्षति ही है। इसके लिये नशे की आपूर्ति रोकने से लेकर प्रयोग तक पर नियंत्रण की राष्ट्रव्यापी मुहिम की जरूरत है। निस्संदेह, नशे के तेजी से बढ़ते शिकंजे से न केवल असामयिक मौतों, लाइलाज बीमारियों का खतरा बढ़ता है, बल्कि समाज में अपराधों का सिलसिला भी तेज हो जाता है। देखने में आया है कि बड़े अपराधों से लेकर चोरी छीनाझपटी की घटनाओं के मूल में नशाखोरी की भूमिका होती है। कई आपराधिक घटनाओं के मूल में उन कालेज जाने वाले छात्रों की भूमिका पायी गई है, जो नशे के लिये पैसा जुटाने के लिये अपराध की अंधी गलियों में उतर जाते हैं। यह जानते हुए भी यह रास्ता उनके जीवन को बबार्दी की राह पर ले जाता है। निश्चित रूप से समाज विज्ञानियों को भी व्यापक अध्ययन करना चाहिए कि क्यों नई पीढ़ी नशे की ओर तेजी से उन्मुख हो रही है। एक समय था कि पंजाब में आतंक फैलाने के खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने के लिये सीमा पार से नशे की बड़ी खेप पंजाब भेजी जाती रही है। चरमपंथियों को आर्थिक मदद पहुंचाने के लिये भी इस षड्यंत्र को सुनियोजित तरीके पाकिस्तान के सत्ता प्रतिष्ठानों ने अंजाम दिया। हाल के दिनों में बीएसएफ ने पाकिस्तान की सीमा से लगते भारतीय इलाकों में ड्रोन के जरिये नशीले पदार्थों को गिराने की साजिशों पर लगाम लगायी है। निश्चित रूप से पहले कदम के रूप में सीमाओं को नशे की तस्करी से निरापद बनाने की जरूरत है। वहीं हमारी सुरक्षा व्यवस्था में शामिल उन काली भेड़ों को भी बेनकाब करने की जरूरत है जो नशे के कारोबार को बढ़ावा दे रही हैं। साथ ही नशे से पीड़ितों को इस दलदल से बाहर निकालने के लिये नशा मुक्ति केंद्रों की स्थापना और पीड़ितों को मनोवैज्ञानिक उपचार देने की भी जरूरत है। निश्चित रूप से नशा पंजाब के लिये बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। जिसके खिलाफ साझा लड़ाई से ही हम कामयाब हो सकते हैं। सही मायनों में यह स्थिति इस संवेदनशील सीमांत राज्य के लिये ही चुनौती नहीं है बल्कि यह राष्ट्रीय संकट की भी आहट है। केंद्रीय एजेंसियों व पंजाब के शासन-प्रशासन को मिलकर नशे के समूल नाश के लिये व्यापक अभियान चलाने की जरूरत है।

सैय्यद आकिल शाह बाबा के सालाना उर्स के तीसरे दिन मशहूर कव्वाल शरीफ परवाज एव सीमा परवीन के बींच शानदार कव्वाली का मुकाबला हुआ

मीडिया फॉर यू, बाराबंकी: अशरफ अली

बाराबंकी त्रिलोकपुर स्थित अकिल शाह बाबा मजार पर चल रहे उर्स के तीसरे दिन जवाबी कव्वाली का मुकाबला रात भर चला। पहले शरीफ परवाज ने अपनी धार्मिक कव्वाली "ये मेरे अल्लाह अक्स पर न इतराओ, ताकते तुम्हारी है" से कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद सीमा परवीन ने अपनी प्रस्तुति "जो मदीने में मौजूद है, उनकी तस्वीर सीने में मौजूद है" से श्रोताओं का दिल जीत लिया। दोनों कलाकारों के बीच का यह मुकाबला बहुत ही शानदार और आकर्षक रहा, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा।

मेले के अध्यक्ष लल्लन सेठ ने सोशल मीडिया पर चल रही गलत अफवाहों का खंडन करते हुए कहा कि मेले में बैरिकेडिंग केवल बड़े वाहनों के प्रवेश को रोकने के लिए लगाई गई थी, जो प्रशासन के आदेश पर अब हटा दी गई है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग बिना किसी आधार के सोशल मीडिया पर गलत जानकारी फैला रहे हैं, जो मेला प्रशासन और पदाधिकारियों की छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी शिकायतों के खिलाफ पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की जाएगी।

इस कार्यक्रम में मेला समिति के सदस्य मो. अनवर, मो. हसनैन, मुजम्मिल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। पुलिस की भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही, जिसमें मसौली थाना प्रभारी यशकांत सिंह, त्रिलोकपुर चौकी प्रभारी विनय कुमार और दो दर्जन भर पुलिसकर्मी कार्यक्रम स्थल पर तैनात रहे

मेले में लगा जाम बड़े वाहनों का प्रवेश दे रहा अप्रिय घटना की चेतावनी

बड़े वाहनों को रोकने के लिए मेला कमेटी द्वारा रोड पर बैरिकेटिंग लगाई गई थी जो कि मेला संचालन होने के एक दिन बाद बैरिकेटिंग को हटा दिया गया जिससे बड़े वाहनों के प्रवेश से जाम की स्थित बनी हुई है मेला देखने आए छोटे छोटे बच्चे रोड पर रहते है ऐसे ही दो वर्ष पूर्व मेला देखने आए 9 वर्षीय मासूम ट्राली के नीचे आ जाने से दर्दनाक मौत हो गई थी जिसको मद्देनजर रखते हुए मेले में बड़े वाहनों का प्रवेश किसी अप्रिय घटना की चेतावनी दे रहा है मेले में आए हुए जायरीनों ने मेला कमेटी व प्रशाशन से जाम से निजात दिलाने की अपील की है इस बाबत में मेला अध्यक्ष लल्लन सेठ ने बताया कि सोशल मीडिया पर कुछ शरारती लोगों द्वारा बैरिकेटिंग पर अवैध वसूली की जाती है जैसी फर्जी खबर फैलाई थी जबकि ये बैरिकेटिंग बड़े वाहनों के न प्रवेश करने के लिए लगाई गई थी निराधार अफवाहों के चलते प्रशासन द्वारा बैरिकेटिंग हटवा दी गई जिससे उर्स में जाम की स्थित बनी हुई है।

एनएसडीसी ने रोजगार क्षमता को बढ़ाने के लिए अनस्टॉप के साथ साझेदारी की

मीडिया फॉर यू

वाराणसी: राष्ट्रीय कौशल विकास निगम ने आज कम्युनिटी इंगेजमेन्ट और हायरिंग प्लेटफार्म 'अनस्टॉप' के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस ऐतिहासिक पहल द्वारा भारत के युवाओं के बीच स्किल गैप को पाटने के साथ ही उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाया जा सकेगा। इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य करियर के अवसरों, मेंटरशिप, कॉम्पटीशन, अगली पीढ़ी के रोल-आधारित मूल्यांकन और कौशल-आधारित फिनिशिंग कोर्सों के व्यापक ईकोसिस्टम के माध्यम से प्रतिभाओं को उद्योग की डिमान्ड के साथ जोड़ना है।

इस साझेदारी के द्वारा,एनएसडीसी और अनस्टॉप भारत के युवाओं को सशक्त बनाने और देश के कार्यबल को मजबूत करने के लिए अपनी ताकतों को एक साथ मिलाकर मजबूत कर सकेंगे इससे देश भर के छात्रों के लिए अपने कौशल का प्रदर्शन करने, उन्हें निखारने और सही करियर के अवसर प्राप्त करने के अवसर खुलेंगे इस साझेदारी के बारे में आशा व्यक्त करते हुए, एनएसडीसी के सीईओ वेद मणि तिवारी ने कहा, अनस्टॉप के साथ इस रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से, हम भारत में स्किल गैप को पाटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं अपने युवाओं को विविध कैरियर के अवसरों और कौशल-आधारित आकलन तक पहुँच प्रदान करके, हमारा लक्ष्य उन्हें कॉम्पटीटिव जॉब मार्केट में आगे बढ़ने और देश के कार्यबल में सार्थक योगदान देने के लिए सशक्त बनाना है। कौशल विकास में एनएसडीसी के व्यापक अनुभव को अनस्टॉप के इनोवेटिव प्लेटफार्म के साथ जोड़कर, हमारा लक्ष्य देश भर के छात्रों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने और संभावित नियोक्ताओं के साथ सार्थक तरीकों से जुड़ने के लिए सशक्त बनाना है। हमारा मानना है कि कौशल-आधारित रोजगार की संस्कृति को बढ़ावा देकर, हम भारत के युवाओं की अपार क्षमता को उजागर कर सकते हैं और देश की आर्थिक वृद्धि में योगदान दे सकते हैं।

महिला सशक्ति करण योजनाओं के बारे में लोगों को किया जागरूक

मीडिया फॉर यू, जितेंद्र शर्मा

मथुरा: आई आपको बता दें कि ग्राम पंचायत रसूलपुर में आज महिला दरोगा हिमांशी के द्वारा महिलाओं के बीच में जाकर महिलाओं को जागरूकता की ओर ले जाने का बहुत बड़ा सराहनीय कदम उठाया जिसमें महिलाओं को महिलाओं के प्रति सरकार के द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया की आपको अगर कोई भी समस्या होती है तो पुलिस प्रशासन हमेशा महिलाओं के प्रति उचित रूप से कार्यवाही करती है और साथ ही बताया कि की आपको कोई भी परेशान करता है तो आप टोल फ्री नंबर 112 पर कॉल करके पुलिस सहायता ले सकती हो और साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 पर भी कॉल करके मानव अधिकार को अपनी बातें बता सकती हैं जो की गोपनीय तरीके से कार्य करती हैं इन बातों को सुनकर गांव की महिलाओं को बहुत ही अच्छी बातें लगी महिलाओं का कहना है कि हमें अभी तक जो बातों का पता नहीं था वह बात आज हमारे दरोगा मैडम ने आकर हमें बताया है सभी ने नारी सशक्तिकरण अभियान का समर्थन किया और सभी को नारी सशक्तिकरण को अभियान के तहत सभी ने साथ निभाया

यूपी में राइट टू एजुकेशन अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में नि:शुल्क दाखिले के लिए आवेदन 1 दिसंबर 2024 से शुरू होंगे, यह आवेदन प्रक्रिया 19 मार्च तक चलेगी

मीडिया फॉर यू

मंडल प्रभारी निसार अहमद उस्मानी

बलरामपुर UP RTE Admission 2024-25 उत्तर प्रदेश में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत प्राइवेट स्कूलों में निःशुल्क एडमिशन की प्रक्रिया 1 दिसंबर 2024 से शुरू होगी। इसकी अधिसूचना शिक्षा विभाग की ओर से मंगलवार को जारी कर दी गई। इस साल दाखिले की प्रक्रिया 1 दिसंबर से शुरू होकर 19 मार्च 2025 तक चलेगी। आवेदन प्रक्रिया पिछले साल की तरह इस साल भी चार चरण में ही संपन्न होगी।

यह है पूरा शेड्यूल

पहला चरण 1 दिसंबर से शुरू होगा। दूसरे चरण के लिए आरटीई दाखिले 1 जनवरी 2025 से 19 जनवरी 2025 तक चलेंगे। वहीं, तीसरा चरण 1 फरवरी से शुरू होकर 19 फरवरी 2025 तक चलेगा। चौथे चरण के लिए आवेदन 1 मार्च से 19 मार्च 2025 तक खोले जाएंगे। ऑनलाइन प्रक्रिया ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों के लिए होगी। इस प्रक्रिया के तहत यूपी के प्राइवेट स्कूलों में अलाभित एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को फ्री में एडमिशन मिलेगा।

कितनी होनी चाहिए बच्चों की उम्र

आरटीई के तहत इस दाखिला प्रक्रिया का हिस्सा बनने के लिए बच्चों की उम्र सीमा भी काफी मायने रखेगी। प्री प्राइमरी व पहली क्लास में एडमिशन लेने के लिए बच्चे की उम्र 3 से 7 साल के बीच होनी चाहिए।

चाहिए होंगे ये दस्तावेज

अप्लाई करने के लिए जरूरी दस्तावेजों में इनकम सर्टिफिकेट यानी आय प्रमाण पत्र (एक लाख या उससे कम आय का), अलाभित वर्ग के लिए जाति प्रमाणपत्र, अभिभावक का निवास प्रमाणपत्र, नगर निगम की ओर से जारी किया जन्म प्रमाणपत्र शामिल है।

कैसे करें रजिस्ट्रेशन

यूपी आरटीई एडमिशन प्रॉसेस पूरी तरह से ऑनलाइन है। आवेदन करने के लिए सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट १३ी25.४स्त्र१ॅ.ङ्गि५.ल्ल पर जाएं। आवेदन प्रक्रिया शुरू होने के बाद वेबसाइट के होम पेज पर ही अप्लाई करने का लिंक एक्टिव कर दिया जाएगा। उस लिंक पर क्लिक करने के बाद आप फॉर्म भर पाएं!

बलरामपुर पुलिस द्वारा लूट की घटनाओं का किया गया सफल अनावरण, अंतरजनपदीय गैंग का खुलासा, 03 गिरफ्तार, लूटी गयी सम्पत्ति शत प्रतिशत बरामद

मीडिया फॉर यू

मंडल प्रभारी निसार अहमद उस्मानी

बलरामपुर! थाना क्षेत्र उतरौला की वादिनी मुकदमा श्रीमती कान्ती देवी उम्र करीब 55 वर्ष पत्नी मुलकराज निवासी ग्राम तिलखी बढ़या थाना कोतवाली उतरौला बलरामपुर, जो अपने धान के खेत की तरफ जा रही थी, से दिन में 12.30 बजे मोटर साइकिल सवार दो बदमाशो ने उनके कान का कुण्डल व जेवरात आदि उक्त बुजुर्ग महिला को चोट पहुंचा कर छीनकर लूट की घटना कारित किया था, जिसके संबंध में थाना कोतवाली उतरौला पर मु0अ0सं0 239/2024 धारा 309(6) बीएनएस का अभियोग तत्काल पंजीकृत किया गया था व दिनांक 08.12.2024 को थाना गैड़ास बुजुर्ग क्षेत्र में महिला को घायल कर कान का कुण्डल छीनने की घटना के संबंध में मु0अ0सं0 130/2024 धारा 309(6), 317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा थाना को0 उतरौला अन्तर्गत हुई महिला से लूट की घटना में सलिंप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु दिए गए निर्देश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दुबे थाना को0 उतरौला बलरामपुर के कुशल नेतृत्व में घटना का सफल अनावरण किया गया। थाना को0 उतरौला बलरामपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 239/2024 धारा 309(6) बीएनएस से संबंधित प्रकाश में आए अभियुक्तगण 1.आजाद पुत्र कमाल 2. मो0 नफीस पुत्र

मुसई निवासीगण खम्हौवा विशनापुर थाना को0 देहात जनपद बलरामपुर को उतरौला महुवाधनी से मोहनजोत की तरफ जाने वाली पक्की सड़क के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट के जेवरात बरामद किये गये तथा घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल भी बरामद की गयी । अभियुक्तगण द्वारा थाना गैड़ास बुजुर्ग की दि0 08.12.24 की घटना व थाना छपिया जनपद गोण्डा की दिनांक 12.11.2024 की घटना करना भी स्वीकार किया गया तथा उक्त घटना से संबंधित जेवरात की बरामदगी की गयी क अभि0गण द्वारा कुछ सामान अनिल कुमार पुत्र स्व0 राम निवास निवासी मेजर चौराहा नई बाजार थाना को0नगर जनपद बलरामपुर को बेचा गया । उक्त सोनार को लूटी गयी सम्पत्ति को खरीदने के अपराध में संलिप्त पाते हुए गिरफ्तार किया गया तथा उक्त सामान बरामद किया गया। पूंछताछ का विवरण- अभियुक्तगण मो0 नफीस व आजाद ने पूछताछ मे स्वीकार किया कि वह दोनों घूम-घूम कर गाँवों में टाफी बेचने का काम करते है जिससे उन्हें देहात के सारे रास्ते पता है तथा इसके साथ साथ वह दोनों अकेले सूनसान में देहात क्षेत्र में महिलाओं को अकेला पाकर उनसे जेवरात छीन लेते है अभि0गण द्वारा दिनांक 10.11.2024 को उतरौला में, दिनांक 12.11.2024 को छपिया गोण्डा तथा पुनः दि0 08.12.2024 को गैड़ासबुजुर्ग थाना क्षेत्र में घटना कारित की गयी तथा अनिल कुमार सोनी को जेवरात बेच दिया। विवेचना से मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी कर अभियुक्त गण वास्ते रिमाण्ड न्यायालय भेजा जा रहा है!

सद्भावना धाम में पंच दिवसीय श्रीमहामहा-विद्या गायत्री महायज्ञ धूमधाम से प्रारंभ

मीडिया फॉर यू, जितेंद्र शर्मा

मथुरा: वृन्दावन श्याम कुटी क्षेत्र स्थित सद्भावना धाम में अखिल भारत वर्षीय धर्म संघ व स्वामी करपात्री फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में पंच दिवसीय श्रीमहामहाविद्या गायत्री महायज्ञ अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ प्रारंभ हो गया है ।सर्वप्रथम श्रीकरपात्र धाम, वृंदावन के अध्यक्ष समर्थश्री स्वामी त्रयम्बकेश्वर चैतन्य महाराज के द्वारा धर्म सम्राट स्वामी करपात्री महाराज के चित्रपट का पूजन-अर्चन किया गया ।तत्पश्चात वेदी पूजन एवं प्रधान पीठ की स्थापना की गई ।श्रीकरपात्र धाम, वृंदावन के अध्यक्ष समर्थश्री स्वामी त्रयम्बकेश्वर चैतन्य महाराज ने कहा कि

श्रीधाम वृन्दावन में गायत्री पुरश्चरण की संपन्नता हेतु आयोजित पंच दिवसीय श्रीमहामहाविद्या गायत्री महायज्ञ समस्त दुगुर्णों को दूर करने वाला व मनवांछित फल प्रदान करने वाला है ।इस दिव्य यज्ञ से समूचा वायुमंडल पवित्र होगा ।साथ ही प्रत्येक जीव को सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होगी। ब्रज सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा है कि पंच दिवसीय श्रीमहामहाविद्या गायत्री महायज्ञ समूचे विश्व का कल्याण करने वाला है ।इसके अग्नि कुंड में अरणी मंथन के द्वारा अग्नि प्रकट की गई है ।जो कि भारतीय प्राचीन पद्धति है हमारे देश में ऐसे आयोजन निरन्तर होते रहने चाहिए ।इन्हीं से भारतीय वैदिक सनातन संस्कृति पल्लवित व पोषित होती है । महोत्सव में दंडी स्वामी प्रभोधाश्रम महाराज, स्वामी माधवाश्रम महाराज, स्वामी गणेशाश्रम महाराज, आचार्य दिवाकर वशिष्ठ (गुरुजी), पवन ब्रह्मचारी, पंडित रामेश्वर पांडेय आदि की उपस्थिति विशेष रही सायं काल वेदाज्ञ ब्राह्मणों के द्वारा यज्ञ भगवान की आरती गई ।तत्पश्चात संत, ब्रजवासी वैष्णव सेवा आदि के कार्यक्रम भी संपन्न हुए।

स्विच मोबिलिटी ईआईवी12 और ई1 के लॉन्च के साथ शहरी गतिशीलता को फिर से करेगी परिभाषित

मीडिया फॉर यू

वाराणसी: अशोक लीलैंड की सहायक कंपनी और हिंदुजा समूह का हिस्सा, स्विच मोबिलिटी लिमिटेड, जो इलेक्ट्रिक बसों और हल्के वाणिज्यिक वाहनों का एक प्रमुख निमार्ता है, ने आज भारतीय बाजार के लिए अपने समकालीन इलेक्ट्रिक बस प्लेटफॉर्म स्विच ईआईवी12 - लो फ्लोर इलेक्ट्रिक सिटी बस का अनावरण किया। यह चेसिस-माउंटेड बैटरी वाली भारत की पहली लो-फ्लोर सिटी बस है, जिसमें 400+ किलोवाट से अधिक की स्केलेबल बैटरी क्षमता है इस वाहन को भारत के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा हिंदुजा ग्रुप कंपनीज भारत के अध्यक्ष अशोक पी. हिंदुजा, अन्य गणमान्य व्यक्तियों और उद्योग के नेताओं की उपस्थिति में लॉन्च किया गया। इस अवसर पर, यूरोपीय बाजार के लिए डिजाइन की गई स्विच ई1 को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई गई। इन दोनों बसों में समान डिजाइन दर्शन और ईवी आर्किटेक्चर है हिंदुजा ग्रुप ऑफ कंपनीज इंडिया के चेयरमैन अशोक पी. हिंदुजा ने इन वाहनों को लॉन्च करते हुए कहा, "ये बसें प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया विजन को समर्पित हैंः भारत में बनी, भारत और दुनिया के लिए। स्विच मोबिलिटी अत्याधुनिक तकनीक और शून्य कार्बन उत्सर्जन वाले नए वाहनों को लॉन्च करने के लिए प्रेरित है, केवल इसलिए क्योंकि भारत में मोदी जैसे दूरदर्शी और गडकरी जी जैसे कार्यान्वयनकताओं के कारण शानदार सड़क बुनियादी ढांचा विकसित हो रहा है।

13 DEC 2024 M4U:Layout 1 12-Dec-24 10:12 PM Page 3

संक्षिप्त समाचार

भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिवस मनाया गया

मीडिया फॉर यू,मुजफ्फरनगर भारतवीर प्रजापति

मुजफ्फरनगर भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर में "जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिवस" मनाया गया जिसमें मुख्य रूप से रितिश सचदेवा(अपर जिला जज/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुजफ्फरनगर) के साथ उनकी टीम में धनीराम (पीएलवी)गौरव मलिक (पी.एल.वी.) सृष्टि एवं अमरजीत व धर्मेंद्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य" विधिक साक्षरता मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत" विधित सरकारी हेल्पलाइन एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए, "महिला एवं बाल अधिकार से जागरुकता लाना हैं रितिश व उनकी टीम ने बताया कि लोक अदालत के लाभ ,राष्ट्रीय लोक अदालत में संदर्भित किए जाने वाले योग्य वाद/ प्रकरण, जिला विधि सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त अन्य विधिक सेवायों का विवरण एवं निःशुल्क विधिक सहायता हेतु पात्रता आदि विषयों की संक्षिप्त जानकारी छात्राओं को प्रदान की कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक प्रमोद कुमार तिवारी व विद्यालय प्रधानाचार्या सीमा गोयल ने सचदेवा जी व उनकी टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया । इस कार्यक्रम में विद्यालय की समस्त छात्राएं एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा

जनता दर्शन में जन समस्याओं का निस्तारण करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी

मीडिया फॉर यू, मुजफ्फरनगर भारतवीर प्रजापति

मुजफ्फरनगर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के आदेशों के अनुपालन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेश जैन के द्वारा आज दिनॉक 12 दिसंबर 2024 में अपने कार्यालय कक्ष में जनतो दर्शने में सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन कराते हुए जन सामान्य की समस्याओं/शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुन कर उसका समय से निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर` करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी इस अवसर सहिते जनतो दर्शने में आये आम जने उपस्थित रहे।

राजस्व बढ़ाने के अन्य उपायों पर भी करें विचार: मुख्यमंत्री

» राजस्व वृद्धि पर दें ध्यान, नदी के कैचमेंट एरिया में अवैध खनन बर्दाश्त नहीं: मुख्यमंत्री

» मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को की भूतत्व व खनिकर्म विभाग के कार्यों की समीक्षा, दिए आवश्यक निर्देश

» हर स्तर पर तय हो जवाबदेही, जनपदों में टास्कफोर्स द्वारा समय-समय पर होती रहे छापेमारी

» विभागीय स्तर पर पेंडिंग मामलों का समय पर करें निस्तारण: मुख्यमंत्री

» मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग को दिए निर्देश- मार्ग दुर्घटनाओं को रोकने के लिए तेजी से करें प्रयास

» जीरो पॉइंट पर ही रोकें ओवरलोडिंग, शासन स्तर से जनपद के अधिकारियों के कार्यों की नियमित हो समीक्षा: मुख्यमंत्री

लखनऊः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2407.20 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्ति हुई है। इसमें और वृद्धि की अपेक्षा है। इसकी बेहतरी के लिए विभागीय व जनपद स्तर के अधिकारी तेजी से प्रयास करें। राजस्व प्राप्ति के लिए जिलाधिकारी व जिला खनन अधिकारी की जवाबदेही तय की जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सोनभद्र, बांदा, कौशांबी तथा महोबा में खनन के दृष्टिगत राजस्व वृद्धि की असीम संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री जी ने कम राजस्व प्राप्त करने वाले जनपदों की समीक्षा करते हुए इनमें भी राजस्व बढ़ोतरी के उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन, विभाग व जनपद स्तर पर लंबित आवेदन पत्रों पर शीघ्रता से निर्णय लेकर कार्रवाई बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व बढ़ाने के अन्य उपायों पर भी विचार करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि नदी के कैचमेंट एरिया में किसी भी प्रकार के अवैध खनन की गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तकनीक का उपयोग करते हुए इसे सख्ती से रोका जाए। मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिया कि स्वीकृत खनन क्षेत्र के अंदर खनन कर रहे वाहनों पर व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम (वीटीएस) लगाया जाए, जिससे सुनिश्चित किया जा सके कि खनन स्वीकृत क्षेत्र में ही हो रहा है या नहीं। इससे परिवहनकर्ता को भी सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अन्य राज्यों से प्रदेश में उपखनिज का परिवहन करने वाले वाहनों की वैधता की जांच के लिए उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान व मध्य प्रदेश से एपीआई इंटीग्रेशन किए गए हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जनपदों में टास्क फोर्स अवैध खनन को रोकने के लिए समय-समय पर छापेमारी करते रहें। छापेमारी के दौरान विभागीय अधिकारी, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी सुनिश्चित हो। इसकी वीडियोग्राफी भी नियमित कराई जाए।

मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिया कि विभाग के विभिन्न स्तर पर अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिया कि विभागीय स्तर पर पेंडिंग मामलों का समय से निस्तारण किया जाए। मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिया कि जून से अगस्त के मध्य ही वर्ष भर की कार्ययोजना तैयार की जाए। समय से कार्ययोजना तैयार करने से सरलतापूर्वक कार्य संपन्न होंगे। मुख्यमंत्री जी ने बैठक में उपस्थित परिवहन विभाग के अफसरों को निर्देश दिया कि मार्ग दुर्घटनाओं को रोकने के लिए तेजी से प्रयास करें। सड़कों के किनारे ओवरलोड वाहन कतई न खड़े किए जाएं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कर अपवंचन तथा ओवरलोडिंग रोकने के लिए जनपदों में 55 चेक गेट्स स्थापित किए गए हैं। इन पर शीघ्र ही वे इन मोशन संयंत्र लगाए जाएं। ओवरलोडिंग हर हाल में जीरो पॉइंट पर ही रोका जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारत सरकार के खनन मंत्रालय द्वारा स्टेट माइनिंग रेडिनेंश इंडेक्स तैयार किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में विभिन्न विभागों के समन्वय से आवश्यक सूचनाओं की समय से उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नदियों के किनारे मिट्टी-बालू तथा सिल्ट का प्रयोग ईंट बनाने में किया जाए। यह पर्यावरण को बचाने में कारगर होगा। उपजाऊ जमीन की मिट्टी का प्रयोग ईंट भट्ठों में न किया जाए।

संजय डाबर बनें पश्चिम उ0प्र0 संयुक्त व्यापार मंडल के हापुड़ जिलाध्यक्ष, दीपक बंसल जिला महामंत्री

हापुड़। पश्चिम उ0प्र0 संयुक्त व्यापार मंडल का जिला इकाई का शपथ ग्रहण समारोह रेलवे रोड पर आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष पश्चिम उ0प्र0 संयुक्त व्यापार मंडल आशु शर्मा द्वारा नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें संजय डाबर को जिला अध्यक्ष, दीपक बंसल को जिला महामंत्री, अमित अग्रवाल को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष ,ऋषभ गर्ग को जिला कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आशु शर्मा ने सभी पदाधिकारियों को व्यापारियों के हितों में कार्य करने की शपथ दिलाई और कहा कि व्यापारी वर्ग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। परंतु आज व्यापारी समाज का सर्वाधिक शोषण सरकारी विभागों के द्वारा किया जा रहा है, आज प्रदेश के व्यापारियों को व्यापारी आयोग की सर्वाधिक आवश्यकता है जिसके लिए संघठन लगातार लड़ाई लड़ रहा है। जिला चेयरमैन नरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की योजनाओं से उद्यमियों, व्यापरियों को लाभान्वित किया जा रहा है। रेल, रोड एवं हवाई कनेक्टिविटी के मामले मे उ0प्र0 मजबूत हो रहा है। जिसका लाभ औद्योगिक विकास और व्यापार का ग्राफ बढ़ने में मिलेगा। संरक्षक विजेन्दर लोहे वाले ने कहा व्यापारी समाज केवल व्यापार नहीं देश और समाज के लिए भी हमेशा सबसे आगे की पंक्ति में खड़ा रहता है। व्यापारी खुद को सशक्त बनाए ताकि उनका शोषण ना हो सके। जिला अध्यक्ष संजय डाबर ने कहा कि जिले मे व्यापारियों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हापुड़ के व्यापारियों को एकजुट कर व्यापारिक हितों में संघर्ष किया जाएगा। शपथ ग्रहण समारोह में सैकड़ो की संख्या मे हापुड़ के व्यापारी मौजूद रहे। इस दोरान जिले के पदाधिकारियों ने प्रदेश कमेटी के सभी पदाधिकारी का माला पहनाकर स्वागत किया। सभी अधिकारियों व जिला इकाई पदाधिकारी व नगर इकाइयों व सभी मीडिया बंधुओं का दिल से आभार प्रकट किया एवं सभी को मनोनयन पत्र दिये गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पश्चिम उ0प्र0 संयुक्त व्यापार मंडल से प्रदेश अध्यक्ष आशु शर्मा, चेयरमैन नरेंद्र अग्रवाल, संरक्षक विजेन्दर गर्ग (लोहे वाले), संरक्षक महेंद्र शर्मा,

जिला मंत्री राजेश नारंग, जिला संघठन मंत्री नितिन गर्ग (लोहे वाले),

सह- संगठन मंत्री आयुष अग्रवाल, जिला सह मीडिया प्रभारी अंकुर जिंदल,नगर अध्यक्ष हापुड़ गौरव गोयल, नगर महामंत्री कपिल अग्रवाल (अम्बानी), नगर कोषाध्यक्ष पुलकित सिंघल, नगर मंत्री नितिन गोयल,नगर अध्यक्ष गठ अभिषेक गुप्ता (सेतु), गठ महामंत्री अमल गोयल, गठ कोषाध्यक्ष मोहित कंसल, सुभाष चंद्र, रामूतार, कमलेश शर्मा,यशपाल तनेजा, विनोद थापर,आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

बढ़ती ठंड को देखते हुए सदर एसडीएम निकिता शर्मा ने गरीब लोगों को कंबल वितरण किया

मीडिया फॉर यू,मुजफ्फरनगर भारतवीर प्रजापति

मुजफ्फरनगर बढ़ती ठंड को देखते हुए एसडीएम सदर निकिता शर्मा लगातार कर रही है सराहनीय कार्य,जिलाधिकारी के निर्देशन में देर रात्रि ठंड के बीच फिर सड़कों पर उतरी एसडीएम सदर निकिता शर्मा,बालाजी मंदिर के बाहर सो रहे कई व्यक्तियों को कंबल उपलब्ध कराते हुए एसडीएम सदर निकिता शर्मा स्वयं रेन बसेरे लेकर पहुंची,रेन बसेरे में भी व्यवस्थाओं का लिया जायजा, बाहर सोते मिलने पर स्वयं रैन बसेरे भिजवा रही है एसडीएम सदर

श्री श्याम ऑटोमोबाइल्स इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी के शोरूम का हुआ भव्य शुभारंभ

मीडिया फॉर यू

मुजफ्फरनगर भारतवीर प्रजापति

मुजफ्फरनगर जानसठ रोड अलमसपुर में भूमिया के सामने श्री श्याम ऑटोमोबाइल इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी का भव्य शुभारंभ हुआ जिसमें नगर के गणमान्य ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। शो रूम के प्रोपराइटर वत्सल शर्मा ने सभी आगंतुकों का भव्य स्वागत किया सबसे पहले हवन पूजन का कार्यक्रम किया गया उसके बाद विधिवत उदघाटन किया गया। बढ़ते प्रदूषण व पेट्रोल डीजल के महंगे रेट के चलते आजकल इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी आम ग्राहक की पहली पसंद बन गए है। शो रूम के संचालक वत्सल शर्मा ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक वाहन तक हर आम आदमी की पहुच है। इलेक्ट्रॉनिक वाहन कई रेंज में उपलब्ध है लगभग 45 हजार से शुरू हो जाते है उनके यहां उपलब्ध वाहनों की ये विशेषता भी है कि एलेक्ट्रिनोक स्कूटी का हर पाट्र्स उनके यहां उचित दर में उपलब्ध होगा साथ ही फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है। आज उदघाटन अवसर पर प्रमोद शर्मा आकाश शर्मा लोकजनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश प्रधान महासचिव राजीव गोयल, हिमांशु त्यागी, राष्ट्रीय लोकदल नगर अध्यक्ष मनोज शर्मा पूनम शर्मा राष्ट्रीय लोकदल मुर्तजा सलमानी अक्षय शर्मा राकेश शर्मा सतीश भारद्वाज अंकुर शर्मा, कुलदीप त्यागी, नरेश मित्तल, भरतवीर प्रजापत, विजय सहरावत प्रदेश प्रभारी किसान प्रकोष्ठ लोजपा, रचित गोयल सुनील त्यागी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

श्रीराम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों ने जीता स्वर्ग पदक

मीडिया फॉर यू

मुजफ्फरनगर भारतवीर प्रजापति

मुजफ्फरनगर श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज मुजफ्फरनगर की इकाई श्रीराम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के छात्र-छात्राओं ने डॉ एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ उत्तर प्रदेश द्वारा जोन स्तर पर आयोजित डॉ0अब्दुल कलाम इंटर टैक्निकल यूनिवर्सिटी लिटरेरी मैनेजमेंट एण्ड टेक्निकल फेस्ट 2024-25 की विभिन्न प्रतियोगी स्पधाओं में बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इनोक्वेस्ट नामक प्रतिस्पर्धा में श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर के बीटेक इलैक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के चतुर्थ वर्ष के छात्र वीर सन एवं मो शाहबाज ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल अर्जित किया तथा जंक्यार्ड वॉर्स प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त डिबेट प्रतिस्पर्धा में छात्र मो अलीम व बिजनेस प्लान प्रतिस्पर्धा में छात्रा विशु मलिक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।आगामी 13 व 14 दिसम्बर 2024 को लखनऊ में डा0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा आयोजित की जा रही राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा में प्रतिभाग करने के लिए डॉ0 अब्दुल कलाम इंटर टैक्निकल यूनिवर्सिटी लिटरेरी मैनेजमेंट एण्ड टैक्निकल फेस्ट 2024-25 के जोनल लेवल के गोल्ड मेडलिस्ट टीम को आमंत्रित किया गया है। जिसमें श्रीराम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के इलेक्ट्रानिक्स एवं कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के छात्र वीरसन व मौ0 शाहनाज प्रतिभाग करेगें। इस अवसर पर डा अब्दुल कलाम इंटर टैक्निकल यूनिवर्सिटी लिटरेरी मैनेजमंट एण्ड टेक्निकल फेस्ट 2024-25 स्पधाओं में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने संस्थान के संस्थापक चेयरमैन डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ से आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यार्थियों की सफलता पर आशीष वचन देते हुए संस्थान के चेयरमैन ने कहा कि संस्थान का हमेशा से ही उच्च तकनीकी शिक्षा को लेकर यही विचार रहा है कि विद्यार्थियों को क्लास टीचिंग के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान पर जोर दिया जाए जिससे विद्यार्थियों का रचनात्मक एवं विषयात्मक विकास हो और उनकी जिज्ञासाए अविष्कार का रूप ले देश और समाज की सेवा करें। उन्होने विद्यार्थियों को 13 एवं 14 दिसम्बर 2024 को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा आयोजित होने जा रही प्रतिस्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

युवाओं को स्वावलंबी और रोजगार युक्त बनाना सरकार की पहली प्राथमिकता डा निर्वाल

मीडिया फॉर यू

मुजफ्फरनगर भारतवीर प्रजापति

मुजफ्फरनगर स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत राजकीय पॉलिटेक्निक जटवाड़ा मुजफ्फरनगर में छात्र छात्राओं को टेबलेट वितरण किए गए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा वीरपाल निर्वाल और संस्थान के प्राचार्य आकाश वाजपेई ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया आज 98 छात्र छात्राओं को टेबलेट वितरित किए गए उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ वीरपाल निर्वाल ने कहा कि आज शिक्षा का स्वरूप बदल चुका है आधुनिक समय में तकनीकी शिक्षा और डिजिटल शिक्षा के द्वारा वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा में बने रहना नितांत आवश्यक है वर्तमान में केंद्र में प्रधानमंत्री मा.मोदी जी की सरकार और प्रदेश में मुख्य मंत्री मा. योगी जी की सरकार ने युवाओं को स्वावलंबी एवं रोजगार परक शिक्षा के प्रयासों के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के द्वारा युवाओं के लिए नूतन प्रयोग करते हुए आधुनिक शिक्षा हेतु निःशुल्क टेबलेट वितरित करने की महत्वाकांक्षी योजना शुरू की हुई है जिससे करोड़ों युवाओं को लाभ हुआ है और परिणाम स्वरूप देश और प्रदेश के युवा आगे बढ़ रहे हैं ।संस्थान के प्रधानाचार्य और कार्यक्रम अध्यक्ष आकाश वाजपेई ने भी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के अद्वितीय प्रयासों से छात्रों को सरलता के साथ आधुनिक तथा विश्वस्तरीय शिक्षा के साथ जुड़ने का अवसर मिला है ।इससे पूर्व पॉलिटेक्निक विद्यालय पहुंचने पर मुख्य अतिथि डा वीरपाल निर्वाल का प्रधानाचार्य आकाश वाजपेई और विभागाध्यक्ष सोहनवीर सिंह एवं पवन कुमार द्वारा प्रतीक चिन्ह व बुके भेंट कर स्वागत किया गया । कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षक, शिक्षिकाएं ,छात्र छात्राओं के अलावा भाजपा के रविंद्र सिंह ,महिपाल राठी आदि भी उपस्थित हुए ।कार्यक्रम का संचालन चारू श्वेता चौधरी ने किया

नेशनल इक्वल पार्टी द्वारा प्रदेश कार्यालय पर सदस्यता अभियान की की शुरूआत

» प्रदेश अध्यक्ष रामबचन यादव के नेतृत्व में वाराणसी अध्यक्ष चुने गए राजकुमार दी गई बड़ी जिम्मेदारी

मीडिया फॉर यू

नेशनल इक्वल पार्टी द्वारा आज प्रदेश कार्यालय पर सदस्यता अभियान की शुरूआत की प्रदेश अध्यक्ष रामबचन यादव के नेतृत्व में प्रदेश कार्यालय पर सदस्यता अभियान किया गया है जिसमें सैकड़ो लोगों ने नेशनल इक्वल पार्टी की सदस्यता ली प्रदेश अध्यक्ष राम बच्चन यादव ने कहा कि जिस तरह से अन्य पार्टियों जातिवाद एवं धर्म की राजनीति करती है वहीं नेशनल इक्वल पार्टी असहाय लोगों का सम्मान और सहायता करना ही मानव धर्म समझती है आज हम लोगों ने प्रदेश कार्यालय पर सदस्यता अभियान का कार्यक्रम रखा है जिसमें सैकड़ो लोगों ने सदस्यता ली है और आगे भी या क्रम जारी रहेगा प्रदेश अध्यक्ष रामबचन यादव ने कहा कि हम लोग जगह-जगह कैंप लगाकर नेशनल इक्वल पार्टी की सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाएंगे एवं आने वाले समय में नेशनल इक्वल पार्टी एक बड़े पैमाने पर चुनाव में भागीदारी करेगी एक सवाल के जवाब में प्रदेश अध्यक्ष राम बच्चन यादव ने कहा कि हमारी पार्टी उन गरीब दुखियों की आवाज बनकर उभर रही है जो इस समय वर्तमान सरकार में नहीं सुनी जा रही है प्रदेश अध्यक्ष राम बच्चन यादव ने कहा कि हर जगह भ्रष्टाचार का बोलबाला है लेकिन सरकार ध्यान नहीं दे रही है इसी सब को देखते हुए हम लोग नेशनल इक्वल पार्टी की सदस्य अभियान को चालू किए हैं जिसमें निरंतर जगह-जगह कैंप लगाकर अपनी पार्टी के विषय में जनता को बताएंगे एवं सदस्यता दिलाएंगे आने वाले समय में हम लोग अपने पार्टी के विस्तार के लिए नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन कर अपनी पार्टी की विशेषता को बताएंगे आज इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष रामबचन यादव मंडल अध्यक्ष अजय आर्या महानगर अध्यक्ष वाराणसी अध्यक्ष राजकुमार यादव सचिन पटेल राजनाथ वर्मा कवि जी राकेश कुमार राजेश कुमार राजन बृजेश निखिल प्रदुम चेतनारायण इत्यादि लोग सदस्यता ग्रहण किया

13 DEC 2024 M4U:Layout 1 12-Dec-24 10:12 PM Page 4

संक्षिप्त समाचार

सपा जिला अध्यक्ष अपने साथियों के साथ फैसल वारसी के यहां पहुंचे

मीडिया फॉर यू, बिजनौरः अतीक अहमद

चांदपुर जिला बिजनौर के स्योहारा से सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गत दिनों पूर्व हुए चेयरमैन फैसल वारसी की वालिदा के इन्तेकाल पर शोक व्यक्त करने के लिए सपा के जिला अध्यक्ष जाकिर जी अपनी टीम के साथ पहुंचे और इन्तेकाल पर गहरा दुःख जाहिर करते हुए चेयरमैन फैसल वारसी से जताई पूरी सपा पार्टी की तरफ से हमदर्दी.मरहूमा को भी बताया बेहद नेक और शानदार शख्शियत तो साथ ही मरहूमा के लिए दुआ ए खेर की दुआ करते हुए उनके लिए रब से की जन्नत उल फिरदौस में आला मुकाम देने की दुआ की

फ्लिपकार्ट की सप्लाई चेन ऑपरेशंस एकेडमी ने 16,000 लोगों के कौशल विकास की योजना बनाई

मीडिया फॉर यू

वाराणसीः भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने ई-कॉमर्स सप्लाई चेन में काम करने वालों को प्रशिक्षण एवं प्रमाणपत्र प्रदान करने के लिए अनूठी पहल करते हुए 2021 में सप्लाई चेन ऑपरेशंस एकेडमी एससीओए की स्थापना की थी। एससीओए में स्थानीय क्षेत्रों के वंचित समुदायों के युवाओं को निशुल्क एवं उद्योग के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिससे वे तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स सेक्टर में सफल होने और स्थानीय सप्लाई चेन इकोसिस्टम को मजबूत करने में सक्षम बनें। एससीओए ने 2024 में 3,000 से ज्यादा लोगों को प्रशिक्षित किया, जिनमें 20 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं हैं। ये आंकड़े विविधता एवं समावेश की दिशा में फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता को दिखाते हैं। यहां प्रतिभागियों को फ्लिपकार्ट के विभिन्न केंद्रों पर 45 दिन के हैंड्स-ऑन एक्सपीरियंस और ऑनलाइन क्लासरूम सेशन के माध्यम से रियल-वर्ल्ड ऑपरेशनल स्किल्स प्रदान की जाती हैं फ्लिपकार्ट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और सप्लाई चेन, कस्टमर एक्सपीरियंस एवं री-कॉमर्स के प्रमुख हेमंत बद्री ने कहा फ्लिपकार्ट लाखों स्थानीय कंपनियों को उनके ई-कॉमर्स के सफर में योगदान देने और देश के समावेशी विकास में सहभागी बनने के लिए प्रतिबद्ध है।

महाकुम्भ पर जागरूकता उद्देश्य से रैली ,प्लास्टिक से दूर रहें माँ गंगा व शहर को गंदा ना करें: विमल त्रिपाठी

मीडिया फॉर यू

वाराणसीः नागरिक सुरक्षा वाराणसी स्थापना दिवस के सप्ताह व्यापी कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को चौक प्रखंड के स्वयंसेवकों ने प्लास्टिक उन्मूलन के खिलाफ जन जागरूकता रैली निकाली ' और लोगों को प्रेरित किया गया की प्लास्टिक का प्रयोग ना करें नागरिक सुरक्षा के चीफ वार्डन श्री केशव जालान, चौक प्रखंड के डिवीजनल वार्डन निधि देव अग्रवाल, विमल कुमार त्रिपाठी पोस्ट वार्डन के नेतृत्व में इस रैली का आयोजन किया गया ' स्वयंसेवकों ने पोस्टर के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया ' प्लास्टिक प्रयोग करने वालों को कपड़े के झोले बाटे गए ' इसका आयोजन डिप्टी कंट्रोलर नीरज मिश्रा, एडीसी विवेक राय, इरफान उल हुदा, अमूल श्रीवास्तव ने किया 'उपस्थित रहे -पवन कुमार पांडे, भुवन नारायण सिंह, रंजन चटर्जी, मृत्युंजय चक्रवर्ती, अजीम, रघु देव अग्रवाल आदि यह रैली बांस फाटक से निकलकर चौक तक गई ' इस अवसर पर विमल कुमार त्रिपाठी पोस्टवार्डन ने बताया कि महाकुम्भ को देखते हुए इस रैली का आयोजन किया गया है कि लोग प्लास्टिक से दूर रहें माँ गंगा व शहर को गंदा ना करें '

आचार्य कुटी आश्रम में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव की अत्यंत धूम

>> महोत्सव में पधारी उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती बबीता चौहान ने किया ग्रंथ और व्यासपीठ का पूजन

मीडिया फॉर यू, जितेंद्र शर्मा

मथुराः वृन्दावन राम नगर कॉलोनी स्थित आचार्य कुटी आश्रम (श्रीकृष्ण मंदिरम दिव्यादेश) में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ चल रहा है।जिसके अंतर्गत व्यासपीठ पर आसीन प्रख्यात संत श्रीमज्जगद्गुरु स्वामी रामप्रपन्नाचार्य महाराज अपनी सुमधुर वाणी के द्वारा देश-विदेश से आए सैकड़ों भक्तों-श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत की अमृतमयी कथा का रसास्वादन करा रहे हैं श्रीमज्जगद्गुरु स्वामी रामप्रपन्नाचार्य महाराज ने समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को श्रीगिरिराज गोवर्धन की महिमा बताते हुए कहा कि गिरिराज गोवर्धन महाराज साक्षात भगवान श्रीकृष्ण के ही प्रतिरूप हैं।उनमें और श्रीकृष्ण में कोई भेद नहीं है।वस्तुतः भगवान श्रीकृष्ण ने प्रकृति का संरक्षण करने के लिए ही गिरिराज पूजा की लीला की थी।जिससे कि लोग प्रकृति के महत्व को जानें और उसकी उपयोगिता का सही से पालन करें। उन्होंने कहा कि ब्रज की पावन भूमि पर त्रिदेव पर्वत रूप में विद्यमान हैं। जो कि बरसाना

में ब्रह्मगिरि (ब्रह्मदेव), नंदगांव में नंदीश्वर पर्वत (महादेव) एवं गोवर्धन में गिरिराज पर्वत (भगवान विष्णु) के स्वरूप हैं इनकी पूजा व परिक्रमा करने से व्यक्ति के सभी मनोरथ सिद्ध होते हैं।इसीलिए गिरिराज गोवर्धन ब्रजवासियों के इष्टदेव हैं। महोत्सव में पधारी उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती बबीता चौहान ने श्रीमद्भागवत महापुराण ग्रंथ व व्यासपीठ का पूजन अर्चन करके पूज्य महाराजश्री से आशीर्वाद प्राप्त किया।साथ ही आध्यात्मिक चर्चा की। इस अवसर पर आचार्य कुटी (श्रीकृष्ण मंदिरम) दिव्यादेश के संस्थापक श्रीमज्जगद्गुरु स्वामी रामप्रपन्नाचार्य महाराज ने उनको श्रीकृष्ण मंदिरम में विराजित ठाकुरजी का चित्रपट भेट किया महोत्सव में शरणागति आश्रम के महंत बिहारीदास भक्तमाली, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, डॉ. रमेश चंद्राचार्य विधिशास्त्री महाराज, स्वामी मधुसूदनाचार्य ब्रह्मचारी, श्रीराम कथा के प्रख्यात प्रवक्ता भानुदेवाचार्य महाराज, मुख्य यजमान श्रीमती सुनीता-प्रमोद अग्रवाल, श्रीमती निशी अग्रवाल, श्रीमती रेखा-प्रदीप अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, श्रीमती प्रियंका-राहुल अग्रवाल, नयन अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, श्रीमती हिमांशी-रोहित अग्रवाल, श्रीमती दिशा-सजल अग्रवाल, श्रीमती तेजल-अभय अग्रवाल, श्रीमती स्वाति-उमंग अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार आचार्य महेश भारद्वाज, अर्जुन दास, संत रामनरेश महाराज, डॉ. राधाकांत शर्मा, रामेश्वर दयाल शर्मा, आयुष, चारु, प्रत्यूष, आयुषी, शुभांशु एवं जीतू पांडे आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

वीरेंद्र गुर्जर जी के नेतृत्व में किसानों ने एसडीएम को एक ज्ञापन सौफा

मीडिया फॉर यू, बिजनौरः अतीक अहमद

चांदपुर भारतीय किसान यूनियन भानू के वरिष्ठ पदाधिकारी वीरेंद्र गुर्जर प्रधान राष्ट्रीय मुख्य महासचिव एवं समीक्षा संगठन प्रभारी उत्तर प्रदेश माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानू प्रताप सिंह जी के आदेश अनुसार केंद्र सरकार के खिलाफ एक ज्ञापन माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत सरकार को एसडीएम के द्वारा ज्ञापन सौंपा वीरेंद्र गुर्जर प्रधान जी ने सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता किसान गरीब मजदूरों को लेकर तहसील परिसर में पहुंचे और धरना प्रदर्शन तहसील में सम्पन्न हुआ धरना सम्पन्न होने के तुरंत बाद ही बिजली विभाग के एक्शन जो कि किसानों का काफी समय से उत्पीड़न कर रहे थे उस की सूचना किसान गरीब मजदूरों के मसीहा वीरेंद्र गुर्जर प्रधान राष्ट्रीय मुख्य महासचिव एवं समीक्षा संगठन प्रभारी उत्तर प्रदेश को मिली तो वह

अपने समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ता किसानो को लेकर बिजली घर का घेराव कर तला बंदी कर के ठाकुर भानू प्रताप के नारे लगाए और बिजली विभाग के समस्त अधिकारी आए और आश्वाशन दिलाया उस के बाद ताला खोला गया भारतीय किसान यूनियन भानू के वरिष्ठ पदाधिकारी वीरेंद्र गुर्जर प्रधान राष्ट्रीय मुख्य महासचिव एवं समीक्षा संगठन प्रभारी उत्तर प्रदेश जी की अध्यक्षता मे चंद्रप्रकाश चौहान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जी के नेतृत्व में ओर राष्ट्रीय प्रदेश मंडल जिला तहसील ब्लॉक एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता किसान ओर मुख्य अतिथि डॉ निर्दोष गुज्जर राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार अमरीक वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश सुरेश चंद सागर मण्डल उपाध्यक्ष नंदराम चौधरी मण्डल महासचिव रोकी मण्डल महासचिव रामपाल सिंह राठी जिला अध्यक्ष अनुराधा देशवाल महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विनोद कुमार जिला प्रभारी यशपाल सिंह जिला महासचिव महेंद्र सिंह जिला सचिव मा० राजेंद्र सिंह तहसील अध्यक्ष धामपुर सचिन चौहान तहसील मीडिया प्रभारी धामपुर नितिन चौहान ब्लॉक अध्यक्ष नूरपुर जितेंद्र चौहान मा० श्याम सिंह मा० ऋषिपाल सिंह बलवेंद्र देशवाल चंद्रप्रकाश सिंह सोनवीर सिंह परम सिंह आदि काफी संख्या में किसान मौजूद रहे

भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के कार्यकताओं ने सौंपा ज्ञापन

मुरादाबाद। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेश अनुसार बृहस्पतिवार को मुरादाबाद जिला अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें मौजूद रहे प्रदेश महासचिव फुरकान अहमद, आरिफ एडवोकेट पश्चिमी उत्तर प्रदेश लीगल सेल अध्यक्ष, मंडल उपाध्यक्ष डब्बू ठेकेदार, युवा मंडल उपाध्यक्ष अकरम प्रधान जी, जिला अध्यक्ष फिरोज मलिक, जिला महामंत्री शकील सैफी, जिला महामंत्री शकील कोयला, जमीर अहमद मंडल संगठन मंत्री, महानगर अध्यक्ष रईस अहमद, महानगर कोषाध्यक्ष अकरम, वार्ड अध्यक्ष शमीम अहमद, वार्ड अध्यक्ष जाबिर हुसैन, रहमत चौधरी पश्चिमी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष, डॉक्टर मुदस्सिर मंडल चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

डीएम ने कलेक्ट्रेट सभागार में ग्रामों की मासिक प्रगति की समीक्षा की

मीडिया फॉर यू

बिजनौरः अतीक अहमद

चांदपुर बिजनौर के जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में चकबन्दी प्रक्रियाधीन ग्रामों की मासिक प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई जिलाधिकारी द्वारा चकबंदी कार्यों की प्रक्रिया में प्रगति होने पर संतोष व्यक्त किया गया उन्होंने कहा कि इस प्रकार ही चकबंदी कार्यों के निस्तारण को जारी रखें उन्होंने निर्देश दिए कि 1359 फसली के अंतर्गत भूमि का मिलान करना सुनिश्चित करें तथा ग्रामवार चार्ट बनाना भी सुनिश्चित करें उन्होंने कब्जा परिवर्तन कार्यों की प्रगति की समीक्षा में कब्जा परिवर्तन कार्यों को जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए और कहा कि उसमें विलंब ना किया जाए उन्होंने निर्देश दिए कि कब्जे की जगह को बेचने वालों के विरुद्ध एफआईआर

कि जिन गांवों में कम मुकदमे है उन गांवों को फाइनल कर उनके अगले स्तर की कार्यवाही की जाए उन्होंने निर्देश दिए कि चकबंदी से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को समय से कार्ययोजना व मानक के अनुसार पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें बैठक में संबंधित अधिकारियों द्वारा जनपद में किए जा रहे चकबंदी कार्यों एवं चकबंदी न्यायालयों में संबंधित ग्राम के वादों के दर्ज कराना भी सुनिश्चित करें उन्होंने कहा निस्तारण की प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि गांवों में लोगों की चकबंदी से संबंधित समस्याओं को गुणवत्ता पूर्वक सुनकर निस्तारित करना सुनिश्चित करें जिलाधिकारी ने चकबंदी प्रक्रियाधीन ग्रामों की प्रगति की गहन समीक्षा की बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक वान्या सिंह बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी सहित विभाग के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे

ट्रेन से कटकर 42 वर्षीय युवक की हुई मौत

मीडिया फॉर यू

बाराबंकीः अशरफ अली

बाराबंकी जनपद के थाना जहांगीराबाद अन्तर्गत जहांगीराबाद रेलवे स्टेशन के निकट वृहस्पतिवार को सुबह 11.23 पर गाड़ी संख्या 12511राप्ती सागर गोंडा की तरफ से आ रही ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। युवक रेलवे पटरी पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। थाना जहांगीराबाद क्षेत्र के दामोदरपुर निवासी 42 वर्षीय विवेक कुमार लांडा पुत्र जयराज किशोर उर्फ लल्ला किसी काम हेतु शहाबपुर की ओर से वापस अपने घर आते हुए पटरी पार कर रहा था। इसी दौरान अचानक ट्रेन आ गई और विवेक उर्फ लांडा उसकी चपेट में आ गया। हादसा इतनी तेज हुआ कि उसका सर पचास मीटर व पैर दस मीटर दूर कटकर जा गिर जिससे उसकी मौत हो गई। विवेक की बुढ़ी मां का रो रो कर बुरा हाल है वहीं उसके दो बच्चे तुषार भट्ट और सौर भट्ट पिता की मृत्यु

को लेकर बहुत चिंतित हैं सूचना मिलते ही बाराबंकी जीआरपी और थाना जहांगीराबाद की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी जहांगीराबाद अभय कुमार ने बताया मामला जीआरपी से जुड़ा है संयुक्त टीम द्वारा पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है आगे की विधि कार्रवाई की जा रही है

3 वर्ष की अवधि पूरी कर चुके पुलिस कांस्टेबल रामकेश का हुआ स्थानांतरण फूलमाला और मिठाई खिलाकर हुई विदाई

मीडिया फॉर यू

बाराबंकीः अशरफ अली

बाराबंकी के थाना जहांगीराबाद में 3 वर्ष की अवधि पूरी कर चुके रामकेश पुलिस कांस्टेबल का हुआ स्थानांतरण इस मौके पर थाना जहांगीराबाद प्रभारी अभय कुमार मौर्य व उनके समस्त स्टाफ द्वारा रामकेश को फूलमाला पहनकर विदाई की गई थाना जहांगीराबाद में उत्कृष्ट कार्य एवं उनके स्वभाव को पुलिस स्टाफ ने खूब सराहना की रामकेश के स्वभाव और उनके काम को लेकर काफी चर्चा हुई रामकेश की

विदाई को लेकर जहां पुलिस स्टाफ ने फूल माला पहनकर मिठाई बाटी वही रामकेश के थाना जहांगीराबाद से जाने पर दुख भी जताया रामकेश को एसपी कार्यालय सीसीटीएनएस कार्यालय पर नियुक्ति मिली है जो आज से रामकेश इस नियुक्ति पद का पदभार संभालेंगे थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया रामकेश अच्छे व्यक्ति थे जो अपनी जिम्मेदारियां को खूब अच्छे से पूरा करते थे रामकेश का स्वभावी काफी अच्छा था रामकेश जहां भी रहेंगे वहां अपनी जिम्मेदारियां निभाएंगे हम आशा करते हैं कि रामकेश सफलता की बुलंदियों पर आगे बढ़ते रहे

जस्टिस शेखर यादव का विरोध करने वाले टुकड़े-टुकड़े गैंग के लोग, जज के समर्थन में उतरे राहुल प्रधान

मीडिया फॉर यू, जितेंद्र शर्मा

मथुराः विश्व हिन्दू परिषद के मीडिया सेल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कठमुल्ला और बहुसंख्यकवाद की बातें कर चर्चा में आए इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस शेखर यादव के समर्थन में पूर्व भाजपा किसान मोर्चा फायरब्रांड नेता राहुल प्रधान खुलकर सामने आ गए हैं।राहुल प्रधान ने कहा है कि जज शेखर यादव ने आखिर क्या गलत कहा? और जिस प्लेटफॉर्म से बोल रहे थे, उससे वह नहीं बोलेंगे तो कहां बोलेंगे। कहा कि क्या भारत पाकिस्तान की स्थिति में आ जाएगा, तब क्या बोल पाएंगे उस प्लेटफॉर्म पर से भी यहां तक कह दिया कि जस्टिस का विरोध करने वाले लोग अफजल के पक्ष में खड़े होने वाले टुकड़े टुकड़े गैंग के लोग हैं भाजपा नेता राहुल प्रधान

ने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या वो (शेखर यादव) हिन्दू में पैदा नहीं हुए, उनके अंदर हिंदुत्व नहीं है क्या, जब वो कोर्ट में इजलास में बैठते हैं तब वो जज होते हैं। खुद का उदाहरण देते हुए कहा कि क्या मैं नेता होकर पैदा हुआ था या क्या वो जज होकर पैदा हुए थे। कहा कि हम जब नेता के कुर्सी पर बैठते हैं, तो अपने नेता पद के दायित्वों का निर्वहन करते हैं। कहा कि शेखर यादव अगर कोर्ट के इजलास से बोले होते तो बात दूसरी होती, अगर वह वहां से ऐसी बात नहीं बोल रहे हैं तो उनके ऊपर जो लोग टिप्पणी कर रहे हैं, आरोप लगा रहे हैं वो वही टुकड़े-टुकड़े गैंग के लोग हैं जो अफजल के पक्ष में खड़े होते हैं, आतंवादियों के खिलाफ खड़े होते हैं, जो कभी पाकिस्तान और बांग्लादेश की तरह भारत को देखना चाहते हैं, जो संभल की यात्रा तो करते हैं लेकिन बहराइच की घटना और बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर उन्हें दुख नहीं होता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, नीरज कुमार गुप्ता ने मैं० मोनेक्स ऑफसेट एस डी कांप्लैक्स निकट एमएमजी अस्पताल जी टी रोड, गाजियाबाद से मुद्रित कराकर बी 10/6 उमेश पार्क, मोदीनगर, जिला गाजियाबाद से प्रकाशित किया। सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र गाजियाबाद न्यायालय होगा। मोबाइल नं. 9870629696 संपादक नीरज कुमार गुप्ता